सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 19 अप्रैल, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रो0 मनमोहन चौहान और विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस डॉ0 एस डी सामंतराय ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को पंतनगर विश्वविद्यालय में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के सहयोग से इंडस्ट्री 4.0 एक्सपीरियंस सेंटर स्थापित किये जाने के विषय में जानकारी दी। इंडस्ट्री 4.0, विनिर्माण क्षेत्र के डिजिटलीकरण का अगला चरण है। विनिर्माण और इसी तरह के उद्योगों और मूल्य–निर्माण प्रक्रियाओं के डिजिटल परिवर्तन को उद्योग 4.0 के रूप में जाना जाता है।

कुलपति ने बताया कि सेंटर स्थापना से तकनीकी के माध्यम से इंडस्ट्री 4.0 के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके अलावा यह सेंटर विद्यार्थियों के कौशल विकास और उनकी उद्यमशीलता में सहयोग करेगा। सेंटर उद्योगों में कार्यरत मानव शक्ति के प्रशिक्षण में भी मददगार होगा साथ ही यह सेंटर उत्तराखण्ड के लिए सेंटर ऑफ एक्सलेंस के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस सेंटर का उद्देश्य उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में लाने, तकनीक आधारित ज्ञान में बढ़ोत्तरी किए जाने और उद्योगों और अकादमिक भागीदारी का बढ़ावा दिया जाना है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी क्षेत्र के प्रसार को देखते हुए इंडस्ट्री 4.0 एक्सपीरियंस सेंटर एक बड़ी जरूरत है। इसके लिए विश्वविद्यालय सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए सेंटर की स्थापना के लिए कार्यवाही करे। उन्होंने इस दौरान कहा कि तकनीकी के सहयोग से हम अपने कार्यों को सुगम और सरल बनाने के साथ ही गुणवत्ता में भी बढ़ोतरी होगी। इससे उद्योग जगत, के साथ–साथ विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और उनके कौशल विकास में लाभप्रद होगा।

..........0..........